# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प॰नि॰6967 / 25

दिनांक–29.11.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों - शास्त्री तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024–2028), शास्त्री पंचम सेमेस्टर (सत्र 2023–2026), एवं आचार्य तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024–2026)** की परीक्षाएं शीघ्र सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सम्बन्धित परीक्षाओं के संस्थागत/व्यक्तिगत/बैक/भूतपूर्व/एकविषयक परीक्षावेदनपत्र आनलाईन पूरित करने का विवरण अधोलिखित रूप में निर्धारित किया जाता है –

1. दिनांक **29.11.2025** से दिनांक **10.12.2025 (मध्यरात्रि)** तक परीक्षावेदनपत्र पूरित किया जा सकेगा।
2. पूर्व वर्ष की दर से परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में आनलाईन पद्धति द्वारा गेटवे के माध्यम से एतदर्थ निर्धारित तिथि के अन्तर्गत जमा किया जा सकेगा।
3. विश्वविद्यालय परिसर के भी छात्र/छात्राओं को उक्त निर्धारित तिथि के अन्तर्गत परीक्षावेदनपत्र पूरित करना अनिवार्य होगा।
4. महाविद्यालयों द्वारा पूरित परीक्षावेदनपत्र के सापेक्ष छात्रों की **मात्र नामावली** परीक्षा विभागान्तर्गत सम्बन्धित जनपद के पटल सहायकों को दिनांक 12.12.2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

अतः कृपया उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के परीक्षावेदनपत्र, यथा निर्देश **पूरित** कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा का समय–चक्र शीघ्र ही घोषित किया जायेगा।

**इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।**

**(दिनेश कुमार)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त सकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर केन्द्र को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से पोर्टल सक्रिय कराने तथा उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु प्रेषित।
5. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
6. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. अधीक्षक(परीक्षा)।
8. अधीक्षक, छात्र कल्याण कार्यालय।
9. समस्त सम्बद्ध पटल सहायक, आवेदनपत्र (शाखा)।
10. जनसम्पर्क कार्यालय।
11. सम्बद्ध पत्रावली।

**(दिनेश कुमार)**
**परीक्षा नियंत्रक**